ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE
24, AKBAR ROAD, NEW DELHI
COMMUNICATION DEPARTMENT

Highlights of CP Address **17 June, 2020**

Video Message of Congress President, Smt. Sonia Gandhi on the Chinese transgressions and martyrdom of our brave soldiers.

कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी ने कहा- मेरे प्यारे भाईयों और बहनों, नमस्कार!

चीन की सीमा पर हमारे 20 वीर सैनिकों की शहादत ने पूरे देश की अंतरात्मा को हिलाकर रख दिया है। मैं इन सभी बहादुर शहीदों को श्रद्धा के साथ नमन करते हुए दिल की गहराई से श्रद्धांजलि देती हूँ, साथ ही प्रार्थना करती हूँ कि उनके परिवारों को यह दुःख सहने की शक्ति दे।

आप सब जानते हैं कि पिछले डेढ़ महीने से चीन की सेना ने लद्दाख में, भारतीय सीमा में घुसपैठ की है। आज जब देश में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है, तो प्रधानमंत्री जी को सामने आकर देश को सच्चाई बतानी चाहिए कि चीन ने हमारी सरजमीं पर कब्जा कैसे किया और 20 सैनिकों की शहादत क्यों हुई? मौके पर आज की स्थिति क्या है? क्या हमारे सैन्य अधिकारी या सैनिक अभी भी लापता हैं? हमारे कितने सैन्य अधिकारी और सैनिक गंभीर रुप से घायल हैं? चीन ने हमारे कितने हिस्से पर और कहाँ-कहाँ कब्जा कर रखा है, इस पूरी स्थिति से निपटने के लिए भारत सरकार की सोच, नीति और हल क्या है?

हम विश्वास दिलाते हैं कि संकट की इस घड़ी में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह हमारी सेना, सैनिकों, सैनिक परिवारों और सरकार के साथ है। मुझे यकीन है कि इस चुनौतीपूर्ण समय में पूरा देश एकजुट होकर दुश्मन का सामना करेगा। मैं प्रधानमंत्री जी से भी आग्रह करती हूँ कि वे देश के सामने आएं और संकट की इस घड़ी में सत्य और तथ्यों के आधार पर देश को भरोसा दिलाएं।

Sd/-
(Vineet Punia)
Secretary
Communication Deptt,
AICC